# II-PERIODIC TEST : 2022-23

## CLASS - IX (CBSE)

Time: 2 hrs. **HINDI** M.M.: 50

नोट– i) प्रस्तुत प्रश्न–पत्र के दो खण्ड हैं– 'अ' और 'ब'।
ii) दोनों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
iii) यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए।

### खण्ड 'अ' (बहुविकल्पीय प्रश्न)

Q.1. अधोलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [5]

किसी भी कार्य की सफलता के लिए ध्येय के प्रति उत्कट लगन, कार्य में अटूट श्रद्धा एवं अपनी शक्तियों में पर्याप्त विश्वास आवश्यक है। विश्वास, एकाग्रता, लगन, सन्तुलन, श्रद्धा आदि साहस के ऊपर निर्भर हैं क्योंकि मनुष्य का सबसे प्रथम गुण साहस है। साहस अन्य सब गुणों का प्रतिनिधित्व करता है। यदि तन, मन और वाणी सशक्त हों तो उनके द्वारा प्राप्त कार्य–शक्ति के आगे भाग्य स्वयं नत–मस्तक हो जाता है। साहसी की प्रतिभा के सामने शोक और भय भाग जाते हैं। साहसी को संसार रास्ता देता है। मनुष्य में सब गुण हों, वह विद्वान हो, धनवान हो, शक्तिशाली हो, पर यदि उसमें साहस न हो तो वह अपने सद्गुणों, योग्यताओं व शक्तियों का उपयोग नहीं कर सकता। साहस मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक है। साहस व्यक्ति को निर्भय बनाता है और जहाँ निर्भयता होती है वहाँ सफलता निश्चित है। निर्भयता से ही आत्मविश्वास जाग्रत होता है। आत्मविश्वास के अभाव में हम उस प्रत्येक कार्य को करते हुए डरेंगे जो हमने पहले नहीं किया और जो बिल्कुल नया है। जिनके संकल्प अधूरे होते हैं, जो संशयग्रस्त होते हैं, वे कोई बड़ा काम नहीं कर पाते और कुछ करते भी हैं तो उनमें असफल हो जाते हैं।

i) मनुष्य का पहला गुण किसे कहा गया है ?
ii) कार्य में सफलता पाने के लिए किन दो प्रमुख गुणों की आवश्यकता होती है ?
iii) व्यक्ति का भाग्य कब प्रभावहीन हो जाता है ?
iv) साहस को मनुष्य के व्यक्तित्व का नायक क्यों कहा गया है ?
v) व्यक्ति की सफलता के लिए आत्मविश्वास कितना आवश्यक है ?

Q.2. अधोलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [5]

पहले से कुछ लिखा भाग्य में मनुज नहीं लाया है,
अपना सुख उसने अपने भुजबल से ही पाया है।
प्रकृति नहीं डरकर झुकती है कभी भाग्य के बल से,
सदा हारती वह मनुष्य के उद्यम से, श्रम जल से।
ब्रह्मा का अभिलेख–पढ़ा करते निरुद्यमी प्राणी
धोते वीर कु–अंक भाल का बहा भ्रुवों से पानी।
भाग्यवाद आवरण पाप का और शस्त्र शोषण का,
जिससे रखता दबा एक जन भाग दूसरे जन का।
पूछो किसी भाग्यवादी से, यदि विधि–अंक प्रबल है
पथ पर क्यों देती न स्वयं वसुधा निज रत्न उगल है?
सच पूछो तो, शर में ही बसती है दीप्ति विनय की
संधि वचन संपूज्य उसी का जिसमें शक्ति विजय की।
सहनशीलता, क्षमा, दया को तभी पूजता जग है
बल का दर्प चमकता उसके पीछे जब जगमग है।

i) मनुष्य को सुख प्राप्त होता है–
क) भाग्य के बल से ख) भुजाओं के बल से
ग) विद्या के बल से घ) धन के बल से

ii) मनुष्य प्रकृति को हरा सकता है–
क) उद्यम और परिश्रम से ख) आतंक और भय से
ग) उग्रता और शोषण से घ) भाग्य और पौरुष से

iii) भाग्यवाद–रूपी हथियार से शोषक–
क) लोगों को भ्रमित करते हैं। ख) दूसरों का हिस्सा दबा कर रखते हैं।
ग) क्रांति नहीं होने देते। घ) अत्याचार करते हैं।

iv) किसकी संधि की बातें मान्य होती हैं ?

क) दयावान की
ख) शक्तिशाली की
ग) ज्ञानी की
घ) किसी की भी नहीं

v) काव्यांश का आशय है–

क) भाग्यवादियों को डराना
ख) उद्यम और परिश्रम का महत्व बताना
ग) वसुधा के रत्नों के बारे में बताना
घ) वीरों के लक्षण बताना।

## व्यावहारिक व्याकरण

**Q.3.** निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए– **[4]**

i) अर्थ के आधार पर वाक्य के कितने भेद होते हैं ?–

क) चार  ख) तीन  ग) आठ  घ) दस

ii) 'अभय डॉक्टर है।' इस वाक्य को निषेध वाचक वाक्य में बदलने पर वाक्य होगा –

क) क्या अभय डॉक्टर है।
ख) अभय डॉक्टर नहीं है।
ग) अरे! अभय डॉक्टर है।
घ) अभय डॉक्टर क्यों है ?

iii) 'मेरा पत्र पिताजी को मिला।' इस वाक्य को प्रश्नवाचक वाक्य में बदलने पर वाक्य होगा –

क) शायद मेरा पत्र पिताजी को मिला।
ख) मेरा पत्र पिताजी को नहीं मिला।
ग) क्या मेरा पत्र पिताजी को मिला।
घ) अरे! मेरा पत्र पिताजी को मिल गया।

iv) 'मुझे आज बाहर घूमने का मन हो रहा है।' यह वाक्य किस प्रकार का वाक्य है–

क) आज्ञावाचक वाक्य
ख) संकेतवाचक वाक्य
ग) इच्छावाचक वाक्य
घ) निषेधवाचक वाक्य

v) इनमें से कौन आज्ञार्थक वाक्य का भेद नहीं है–

क) निकल जाओ कमरे से बाहर।
ख) शाम तक जरूर आ जाना।
ग) वे लोग कहाँ रहते हैं।
घ) सारा समान खरीद लाना।

**Q.4.** निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए– **[4]**

i) अलंकार के भेद हैं–

क) दो  ख) चार  ग) तीन  घ) पाँच

ii) उपमा अलंकार का उदाहरण है–

क) 'मन–सागर, मनसा लहरि, बूढ़े बहे अनेक।'
ख) हाय फूल–सी कोमल बच्ची, हुई राख की थी ढेरी।
ग) मैया मैं तो चंद्र–खिलौना लैंहों।
घ) मेघ आए बड़े बन–ठन के सँवर के।

iii) कौन–सा उदाहरण रूपक अलंकार का है–

क) प्रीति–नदी में पाउँ न बोरयो, दृष्टि न रूप परागी।
ख) यह शिला–सा वक्ष ये चट्टान–सी मेरी भुजाएँ।
ग) कहँ लगि कहौं बनाइ विविध विधि।
घ) सारंग ने सारंग गह्यो, सारंग पहुँचो आय।

iv) 'कर का मनका डारि दै, मन का मनका फेरि' में अलंकार है–

क) अनुप्रास  ख) यमक  ग) श्लेष  घ) उत्प्रेक्षा

v) जहाँ वर्णों की आवृत्ति से चमत्कार उत्पन्न हो, वहाँ अलंकार होता है–

क) अनुप्रास  ख) उपमा  ग) रूपक  घ) यमक

Q.5. निम्न में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

i) निम्न में से उपसर्ग का भेद नहीं है–
क) तत्सम ख) सद्भव ग) आगत घ) विगत

ii) 'देव' शब्द में कौन–सा प्रत्यय प्रयुक्त नहीं होता–
क) इक ख) पन ग) ता घ) त्व

iii) 'अप' उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है–
क) अपकार ख) अपवाद ग) अपरिपक्व घ) अपमान

iv) 'न' प्रत्यय से निर्मित शब्द छाँटिए–
क) पतलून ख) दातून ग) चलन घ) खून

v) 'पंजाब' शब्द में किस समास का प्रयोग हुआ है ?–
क) तत्पुरुष ख) द्विगु ग) कर्मधारय घ) अव्ययीभाव

**पाठ्य पुस्तक क्षितिज भाग–1**

Q.6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर उचित विकल्प चुनकर दीजिए– [5]

झूरी काछी के दोनों बैलों के नाम थे हीरा और मोती। दोनों पछाई जाति के थे–देखने में सुंदर, काम में चौकस, डील में ऊँचे। बहुत दिनों साथ रहते–रहते दोनों में भाईचारा हो गया था। दोनों आमने–सामने या आस–पास बैठे हुए एक–दूसरे से मूक–भाषा में विचार–विनियम करते थे। एक, दूसरे के मन की बात कैसे समझ जाता था, हम नहीं कह सकते। अवश्य ही उनमें कोई ऐसी गुप्त शक्ति थी, जिससे जीवों में श्रेष्ठता का दावा करने वाला मनुष्य वंचित है। दोनों एक–दूसरे को चाटकर और सूँघकर अपना प्रेम प्रकट करते, कभी–कभी दोनों सींग भी मिला लिया करते थे–विग्रह के नाते से नहीं, केवल विनोद के भाव से, आत्मीयता के भाव से, जैसे दोस्तों में घनिष्ठता होते ही धौल–धप्पा होने लगता है।

i) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक का नाम है ?
क) राहुल सांकृत्यायन ख) महादेवी वर्मा
ग) कबीर घ) प्रेमचंद

ii) हीरा मोती किस जाति के थे ?
क) छोटी जाति के ख) पछाई
ग) मलाई घ) कसाई

iii) हीरा–मोती के मालिक का क्या नाम था ?
क) झूरी काछी ख) झूरी माझी
ग) झूरी तेली घ) झूरी ठाकुर

iv) हीरा मोती किस भाषा में एक दूसरे से बात करते थे ?
क) हिन्दी भाषा में ख) देवनागरी भाषा में
ग) फ्रांस में घ) मूक भाषा में

v) गधे के किन गुणों ने उसे ऋषि मुनियों की पदवी दे दी है ?
क) सीधापन ख) सहनशक्ति
ग) त्याग घ) इनमें से कोई नहीं

Q.7. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए– [2]

i) सुमति किस जाति के बौद्ध भिक्षु थे ?
क) क्षत्रिय ख) वैश्य ग) पंजाबी घ) मंगोल

ii) सुमति बोधगया से क्या लाकर अपने यजमानों को देते थे ?
क) माला ख) गंडा ग) वस्त्र घ) फूल

Q.8. अधोलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए– [5]

मोरपखा सिर ऊपर राखिहौं, गुंज की माल गरें पहिरौंगी।
ओढ़ि पितंबर लै लकुटी बन गोधन ग्वारनि संग फिरौंगी।।
भावतो वोहि मेरो रसखानि सों तेरे कहे सब स्वाँग करौंगी।
या मुरली मुरलीधर की अधरान धरी अधरा न धरौंगी।।

i) 'मुरलीधर' किसे कहा गया है ?
क) श्रीकृष्ण को ख) श्रीराम को ग) शिव को घ) विष्णु को

ii) कृष्ण ने अपने सिर पर किसका मुकुट धारण किया है ?
क) सोने का ख) चाँदी का ग) मोरपंखों का घ) हीरों का

iii) कृष्ण का रूप धारण करने के लिए गोपी कैसे वस्त्र पहनने को तैयार है ?
क) लाल ख) सफेद ग) पीला घ) हरा

iv) कृष्ण की मोहक मुस्कान किसे सम्मोहित किए हुए है ?
क) राधा को ख) मीरा को ग) गोपी को घ) यशोदा को

v) 'अधरान धरी अधरा न धरौंगी।' इस पंक्ति में कौन सा अलंकार है ?
क) यमक ख) अनुप्रास ग) उपमा घ) रूपक

Q.9. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए– [2]

i) 'वाख' कविता के आधार पर कवयित्री ने थल–थल में किसका वास बताया है ?
क) राम का ख) गणेश का ग) शिव का घ) दुर्गा का

ii) 'साहिब' शब्द का क्या अर्थ है ?
क) सेवक ख) राजा ग) ईश्वर घ) शिक्षक

## खण्ड–ब (वर्णनात्मक प्रश्न)

Q.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए – [6]

i) कांजी हौस में कैद पशुओं की हाज़िरी क्यों ली जाती होगी ?
ii) छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?
iii) उस समय के तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ?
iv) लेखक ने शेकर विहार में सुमति को उनके यजमानों के पास जाने से रोका, परन्तु दूसरी बार रोकने का प्रयास क्यों नहीं किया ?

Q.11. अधोलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [4]

i) कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं ?
ii) 'ज्ञानी' से कवयित्री का क्या अभिप्राय है ?
iii) एक लकुटी और कामरिया पर कवि सब कुछ न्योछावर करने को क्यों तैयार है ?

## पूरक पाठ्य पुस्तक 'कृतिका' भाग–1

Q.12. अधोलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए– [4]

i) बाढ़ की खबर सुनकर लोग किस तरह की तैयारी करने लगे ?
ii) 'मृत्यु का तरल दूत' किसे कहा गया है और क्यों ?
iii) खरीद–बिक्री बंद हो चुकने पर भी पान की बिक्री अचानक क्यों बढ़ गई थी ?

******